भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1043

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना

राष्ट्रीय राजमार्ग-516सी पर पोर्ट रोड तक छह-लेन सड़क संपर्क

1043. डॉ. सी. एम. रमेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और अनाकापल्ली जिलों के अंतर्गत आने वाले एनएच-516सी के सब्बावरम-शीलानगर खंड से पोर्ट रोड तक 964 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से छह-लेन सड़क संपर्क के निर्माण का प्रस्ताव दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना पर अब तक किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने 963.93 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से एनएच-516सी पर सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन पहुंच नियंत्रित संपर्कता वाली परियोजना को मंजूरी दी है।

(ख) उक्त परियोजना की निर्माण-पूर्व कार्यकलापों के लिए कुल 62.94 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

(ग) परियोजना को दिनांक 20.03.2025 को सौंप दिया गया है और 27.07.2025 को करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना को नियत तिथि से 2 वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है, जिसकी घोषणा पहले से मौजूद शर्तों के पूरा होने पर की जाएगी।

*****